मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-65
20/01/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में नालंदा जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 20 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में नालंदा जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में नालंदा समाहरणालय स्थित शहीद हरदेव भवन (सभागार) में जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। इस समीक्षात्मक बैठक में नालंदा जिले के सांसद, विधायकगण / विधान पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी नालंदा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना / कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता / तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग व अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी एवं बाल हृदय योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो नये घर बन रहे हैं उनमें हर घर नल का जल योजना का काम जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। इस योजना को मेंटेन रखें। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ विद्यार्थियों को ससमय उपलब्ध कराएं, इसमें देर न करें। आवेदन को लंबित न रखें। उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को मिलनेवाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान समय पर कराएं। इसमें देरी नहीं होनी चाहिए। इस संदर्भ में जो भी लंबित मामले हैं उसका तेजी से निपटारा करें। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना का लाभ अल्पसंख्यक समुदाय के सभी लोग ले सकते हैं, इससे लोगों को अवगत कराएं। पावापुरी मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों की पर्याप्त संख्या में उपस्थिति रहे ताकि लोगों को

समुचित इलाज मिल सके। नालंदा विश्वविद्यालय में बाहर से जो लोग आएं हैं उनका उपचार ठीक ढंग से हो। यह अंतर्राष्ट्रीय जगह है। यहां पर पर्यटक भी काफी संख्या में आते हैं।

जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर ने मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री सह नालंदा जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री हरिनारायण सिंह, विधायक श्री कौशल किशोर, विधायक श्री राकेश कुमार रौशन, विधायक श्री कृष्णमुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधायक श्री जितेंद्र कुमार, विधान पार्षद श्रीमती रीना यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक विधि व्यवस्था श्री संजय सिंह, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, पुलिस महानिरीक्षक पटना प्रक्षेत्र श्री राकेश राठी, जिलाधिकारी नालंदा श्री शशांक शुभंकर, पुलिस अधीक्षक नालंदा श्री अशोक मिश्रा सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******